# 2014

## HINDI ( Elective )

Paper : 5·2

**( Hindi Bhasha Evam Devnagari Lipi )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) हिन्दी भाषा का उद्भव किस भाषा से माना जाता है?

(ख) खड़ी बोली का उद्भव किस अपभ्रंश से हुआ है?

(ग) 'अवधी' मूलतः कहाँ बोली जाती है?

(घ) हिन्दी के वचनों के नाम लिखिए।

(ङ) 'कृष्ण' शब्द तत्सम है या तद्भव?

(च) हिन्दी के 'कर्म' कारक का चिह्न बताइए।

(छ) 'मगही' किस भाषा का आधुनिक नाम है?

(ज) पश्चिमी हिन्दी की किसी एक बोली का नाम लिखिए।

(झ) भारत की राष्ट्रभाषा क्या है?

(ञ) देवनागरी लिपि का एक गुण बताइए।

**2.** अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) पूर्वी हिन्दी की बोलियों के नाम लिखिए।

(ख) पूर्वी और पश्चिमी हिन्दी में कोई दो अन्तर लिखिए।

(ग) हिन्दी में लिंग-परिवर्तन के दो नियम बताइए।

(घ) देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली किन्हीं दो भाषाओं के नाम लिखिए।

(ङ) 'बोलचाल की हिन्दी' का आशय क्या है?

**3.** किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) 'ब्रजभाषा' की विशेषताएँ बताइए।

(ख) 'भोजपुरी' बोली का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) 'से' कारक-चिह्न का प्रयोग समझाकर लिखिए।

(घ) 'में', 'पर' कारक-चिह्नों का प्रयोग कब और कैसे होता है?

(ङ) लिंग किसे कहते हैं? हिन्दी के लिंगों का परिचय दीजिए।

**4.** किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10×4=40

(क) हिन्दी के उद्भव और विकास पर संक्षेप में लेख लिखिए।

(ख) हिन्दी-भाषी क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए 'खड़ी बोली' और 'छत्तीसगढ़ी' बोलियों का परिचय दीजिए।

(ग) हिन्दी सर्वनामों का वर्गीकरण करते हुए पुरुषवाचक सर्वनामों का विकास दर्शाइए।

(घ) नागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर विचार कीजिए।

(ङ) हिन्दी संज्ञा शब्दों का वर्गीकरण करते हुए 'लड़का' और 'आदमी' शब्दों की कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(च) हिन्दी को आप राष्ट्रभाषा मानते हैं या राजभाषा? सतर्क उत्तर दीजिए।

★ ★ ★